टीके की जानकारी का वक्तव्य

# RSV (रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस) वैक्सीन: *आपको जो जानने की जरूरत है*

Many Vaccine Information Statements are available in Hindi and other languages. See www.immunize.org/vis

टीके की जानकारी के कई वक्तव्य हिंदी और अन्य भाषाओं में उपलब्ध हैं। www.immunize.org/vis देखें

## 1. टीकाकरण क्यों करवाएं?

**RSV टीका रेस्पिरेटरी सिंकाइटियल वायरस (Respiratory Syncytial Virus, RSV)** के कारण होने वाले निचले श्वसन पथ के रोग को रोक सकता है। RSV सामान्य श्वसन वायरस है, जो आमतौर पर हल्के, सर्दी जैसे लक्षणों का कारण बनता है।

RSV आमतौर पर वायरस के सीधे संपर्क से फैलता है, जैसे किसी अन्य व्यक्ति की खांसी या छींक से निकली बूंदें आपकी आंखों, नाक या मुंह के संपर्क में आती हैं। यह किसी ऐसी सतह को छूने से भी फैल सकता है जिस पर वायरस हों, जैसे दरवाज़े की घुंडी, और फिर अपने हाथों को धोने से पहले अपने चेहरे को छूने से।

RSV सभी उम्र के लोगों में बीमारी का कारण बन सकता है लेकिन शिशुओं और बुजुर्गों के लिए विशेष रूप से गंभीर हो सकता है। हृदय या फेफड़ों की बीमारी, कमजोर प्रतिरक्षा प्रणाली जैसी पुरानी चिकित्सा दशाओं वाले शिशुओं और बुजुर्गों, या जो नर्सिंग होम या दीर्घकालिक देखभाल सुविधाओं में रहते हैं, उन्हें RSV से गंभीर बीमारी और जटिलताओं का सबसे अधिक खतरा होता है।

RSV संक्रमण के लक्षणों में नाक बहना, भूख में कमी, खांसी, छींक आना, बुखार या घरघराहट शामिल हो सकते हैं। अधिकांश लोग एक या दो सप्ताह में ठीक हो जाते हैं, लेकिन RSV गंभीर हो सकता है, जिसके परिणामस्वरूप सांस लेने में तकलीफ हो सकती है और ऑक्सीजन का स्तर कम हो सकता है। RSV कभी-कभी अस्थमा, क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज (फेफड़ों की एक पुरानी बीमारी, जिसके कारण सांस लेने में कठिनाई होती है), या कंजेस्टिव हार्ट फेलियर (जब हृदय समूचे शरीर भर में पर्याप्त रक्त और ऑक्सीजन पंप नहीं कर पाता) जैसी अन्य चिकित्सीय दशाओं के बिगड़ने का कारण बन सकता है।

बड़ी उम्र के लोग और शिशु जो RSV से बहुत बीमार हो जाते हैं, उन्हें अस्पताल में भर्ती करने की आवश्यकता हो सकती है। कुछ तो मर भी सकते हैं।

## 2. RSV टीका

सीडीसी अनुशंसा करता है कि रोगी और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता के बीच चर्चा के आधार पर **60 वर्ष और उससे अधिक उम्र के वयस्कों** को RSV वैक्सीन की एकल-खुराक खुराक मिल सकती है।

RSV टीका अन्य टीकों के साथ ही दिया जा सकता है।

## 3. अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से बात करें

अपने टीकाकरण प्रदाता को बताएं यदि टीका लेने वाले व्यक्ति को:

- **RSV वैक्सीन की पिछली खुराक के बाद एलर्जी की प्रतिक्रिया हुई हो**, या कोई **गंभीर, जीवन को खतरे में डालने वालीएलर्जी हो**

कुछ मामलों में, आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता भविष्य की विजिट तक RSV टीकाकरण को स्थगित करने का निर्णय ले सकता है।

सर्दी-जुकाम जैसी छोटी-मोटी बीमारियों वाले लोगों का टीकाकरण किया जा सकता है। जो लोग मध्यम या गंभीर रूप से बीमार हैं, उन्हें आमतौर पर RSV टीका लेने से पहले ठीक होने तक इंतजार करना चाहिए।

आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आपको अधिक जानकारी दे सकता है।

U.S. Department of Health and Human Services
Centers for Disease Control and Prevention

## 4. टीके के प्रति प्रतिक्रिया के जोखिम

- RSV टीकाकरण के बाद जहां टीका लगाया जाता है वहां दर्द, लालिमा और सूजन, थकान (थका हुआ महसूस करना), बुखार, सिरदर्द, मतली, दस्त और मांसपेशियों या जोड़ों में दर्द हो सकता है।

क्लिनिकल परीक्षणों में RSV टीकाकरण के बाद गुइलेन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) सहित गंभीर न्यूरोलॉजिकल स्थितियां दुर्लभ रूप से रिपोर्ट की गई हैं। यह स्पष्ट नहीं है कि क्या टीका इन घटनाओं का कारण बना।

कभी-कभी लोग चिकित्सीय प्रक्रियाओं के बाद बेहोश हो जाते हैं, जिनमें टीकाकरण शामिल है। यदि आपको चक्कर महसूस होता है या दृष्टि में परिवर्तन होते हैं या कानों में घंटियाँ बजती हैं तो अपने प्रदाता को बताएं।

जैसा कि किसी भी दवा के साथ होता है, इस बात की बहुत कम संभावना होती है कि किसी टीके से गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया, अन्य गंभीर चोट या मृत्यु होती हो।

## 5. यदि कोई गंभीर समस्या होती है तो क्या होगा?

एलर्जी प्रतिक्रिया टीका लगवाने वाले व्यक्ति के क्लिनिक से जाने के बाद हो सकती है। यदि आपको गंभीर एलर्जी प्रतिक्रिया के संकेत (ददोरे, चेहरे और गले की सूजन, सांस लेने में कठिनाई, तेज धड़कन, चक्कर आना, या कमजोरी) दिखाई देते हैं, तो **9-1-1** पर कॉल करें और उस व्यक्ति को निकटतम अस्पताल ले जाएं।

आपको चिंतित करने वाले अन्य लक्षणों के लिए, अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता को कॉल करें।

प्रतिकूल प्रतिक्रियाओं को वैक्सीन एडवर्स इवेंट रिपोर्टिंग सिस्टम (Vaccine Adverse Event Reporting System, VAERS) में रिपोर्ट करना चाहिए। आपका स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता आम तौर पर यह रिपोर्ट जमा करेगा, या आप यह काम खुद भी कर सकते हैं। **www.vaers.hhs.gov** पर VAERS वेबसाइट पर जाएं या **1-800-822-7967** पर कॉल करें। *VAERS केवल प्रतिक्रियाओं को रिपोर्ट करने के लिए है, और VAERS के कर्मचारी चिकित्सीय सलाह नहीं देते हैं।*

## 6. मैं अधिक जानकारी कैसे प्राप्त कर सकता/ती हूँ?

- अपने स्वास्थ्य परिचर्या प्रदाता से पूछें।
- अपने स्थानीय या राज्य स्वास्थ्य विभाग को कॉल करें।
- वैक्सीन पैकेज इंसर्ट और अतिरिक्त जानकारी के लिए खाद्य एवं औषधि प्रशासन (Food and Drug Administration, FDA) की वेबसाइट **www.fda.gov/vaccines-blood-biologics/vaccines** पर जाएं।
- सेंटर्स फॉर डिसीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन (Centers for Disease Control and Prevention, CDC) से संपर्क करें:
  - **1-800-232-4636** (**1-800-CDC-INFO**) पर कॉल करें या
  - CDC की वेबसाइट **www.cdc.gov/vaccines** पर जाएं।

Hindi translation provided by Immunize.org